nt>

Title: Need to provide financial assistance to government of Uttar Pradesh for making Maholi Sugar Mill in Sitapur district viable − Laid.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में स्थित उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम की महोली चीनी मिल गत तीन वर्षों से बंद है। गन्ना किसानों का चीनी मिल पर बकाया करोड़ों रूपया अभी तक नहीं मिला है जिससे किसान बहुत ही परेशान तथा रोा में है। किसानों का बकाया रूपया न मिल पाने के कारण वह अपनी खेती की सही तरीके से देखभाल नहीं कर पा रहे हैं जिससे फसल की पैदावार कम होती जा रही है तथा साथ ही खाद एवं बीज के बकाये रूपये के लेनदार भी परेशान कर रहे हैं। चीनी मिल में कार्य करने वाले कर्मचारी मिल बंद होने से भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। जिनके परिवार के आगे रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। सरकार उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम की महोली चीनी मिल को किसानों का बकाया रूपया दिलाने के लिए शीघ्र कार्यवाही करे जिससे किसानों एवं चीनी मिल में कार्य कर रहे कर्मचारियों की समस्या का समाधान हो और वह लोग अपना जीवन सुचारू रूप से निर्वाह कर सके। उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम की जितनी भी चीनी मिलें बंद हैं उनको शीघ्रता से चालू कराने की कार्यवाही करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध करायें।